गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने जम्मू में आयोजित एक बैठक में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

गृह मंत्री ने श्री अमरनाथजी यात्रा, 2025 को शांतिपूर्वक आयोजित करने के लिए केन्द्रशासित प्रदेश प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की सराहना की

श्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर जोर दिया

गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया

श्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हाल की अचानक बाढ़ में राहत और बचाव कार्य में सभी सुरक्षा बलों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की, जिससे कई लोगों की जान बचाई गई

गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया

प्रविष्टि तिथि: 01 SEP 2025 7:24PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज जम्मू में आयोजित एक बैठक में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक (आईबी), जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और डीजीपी, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने श्री अमरनाथजी यात्रा, 2025 को शांतिपूर्वक आयोजित करने के लिए केन्द्रशासित प्रदेश प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर जोर दिया। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया।

श्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हाल में अचानक आई बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्य में सभी सुरक्षा बलों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की, जिससे कई लोगों की जान बचाई गई। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

****

RK/VV/RR/PR/PS

(रिलीज़ आईडी: 2162854) आगंतुक पटल : 2
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Punjabi , Gujarati , Odia , Tamil , Telugu , Kannada